# लखनऊ में 10732 करोड़ रुपये से बनेगी एआई सिटी

**लखनऊ, प्रसं।** राजधानी में बनाए जाने वाले देश के पहले आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) सिटी पर 10732 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इंडिया एआई मिशन के तहत लखनऊ में नेशनल एआई इंफास्ट्रक्चर तैयार होगा। यूपी को एआई के क्षेत्र में देश का भविष्य गढ़ने वाले राज्य के रूप में विकसित किए जाने पर जोर दिया जा रहा है।

लखनऊ में 10732 करोड़ रुपये के निवेश से बनाए जाने वाले एआई सिटी में 10 हजार ग्राफिक्स प्रॉसेसिंग यूनिट (जीपीयू), मल्टी लैंग्वेज मॉडल व एआई इनोवेशन सेंटर बनेगा। यह निवेश देश के किसी भी अन्य तकनीकी ढांचे की तुलना में 67 प्रतिशत अधिक है। वहीं लखनऊ में एआई ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। वहीं वाराणसी में इसे जल्द लागू किया जाएगा। प्रदेश को शिक्षा, सुरक्षा व कृषि के क्षेत्र में तकनीकी मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार विजन 2047 के अनुरूप एआई नीति के ड्राफ्ट को तैयार कर रही है। एआई बूटकैंप के तहत 30 विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।